दिनांक : 29/03/2026

समय :7.10पीएम

आकाशवाणी, भोपाल

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा-पश्चिम एशिया संकट से उपजे ऊर्जा चुनौती का भारत डटकर मुकाबला कर रहा है।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में नर्मदा जल परियोजना के चौथे चरण का भूमि-पूजन किया।
- सरकार ने प्रदेश की नगर परिषदों और पालिकाओं एल्डरमैन नियुक्त किए हैं।
- प्रदेश में कल और परसों आंधी-बारिश की चेतावनी; ग्वालियर और उज्जैन संभाग में ओले गिरने की है संभावना।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति ने भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए चुनौती उत्पन्न कर दी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि यह मुश्किल समय है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की महान संस्कृति और विरासत को दिखाने के लिए लोगों की भागीदारी की भावना को दिखाने वाले ज्ञान भारतम सर्वे पर ज़ोर दिया।

राज्यपाल/मुख्यमंत्री-मन की बात

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज भोपाल के रवींद्र भवन में दिव्यांग बच्चों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया कार्यक्रम में राज्यपाल ने ग्यारह आत्मनिर्भर दिव्यांगों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच और नवाचार निर्माण की एक अभूतपूर्व पहल है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट परिसर में 'मन की बात' कार्यक्रम के 132वें संस्करण का श्रवण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गैर-राजनीतिक विषयों को सामने लाकर देश को एकजुटता और सौहार्द्र का संदेश देने का प्रधानमंत्री का यह प्रयास अद्भुत है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे देश के वैश्विक संकटों के दौर में जागरूक रहें और केवल शासन द्वारा जारी आधिकारिक जानकारियों पर ही भरोसा करें।

पीएम-केरलम् दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केरलम् के पालक्काड़ जिले में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान, श्री मोदी ने केंद्र सरकार की विकास संबंधी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि केरलम् की प्रगति के लिए अभूतपूर्व सहयोग दिया गया है। उन्होंने पालक्काड़ में शुरू की गई प्रमुख विकास परियोजनाओं के बारे में भी बताया। इस अवसर पर श्री मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवारों से भी बातचीत की। जनसभा के बाद, प्रधानमंत्री त्रिशूर के लिए रवाना हो गए।

मुख्यमंत्री - इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में मां नर्मदा जल के चतुर्थ चरण के तहत 1356 करोड़ रुपये की पेयजल परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत इस परियोजना से वर्ष 2045 तक इंदौर की विशाल आबादी की जल आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने रामसर साइट सिरपुर में 62 करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित एसटीपी प्लांट का लोकार्पण भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मां नर्मदा के आशीर्वाद से प्रदेश में विकास की नई धारा प्रवाहित हो रही है। उन्होंने 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत इंदौर जिले में रिकॉर्ड एक लाख 44 हजार से अधिक आवेदनों के सफल निराकरण पर संतोष व्यक्त करते हुए हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया।

इस अवसर पर नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट सहित कई गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

एल्डरमैन-मुख्यमंत्री

नगरीय प्रशासन विभाग ने प्रदेश की 123 नगर परिषदों और 46 नगर पालिकाओं में कुल 768 एल्डरमैन मनोनीत करने के आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी नव-नियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें शहरों के समग्र विकास, सुशासन और जन-भागीदारी को बढ़ाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रदेश पेट्रोल-डीजल

प्रदेश में एलपीजी और पेट्रोल-डीजल को लेकर आ रहीं भ्रामक जानकारियों के बाद खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि मध्यप्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी एवं सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अभी तक 2050 स्थानों पर जांच की गई तथा 2912 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए हैं। साथ ही 9 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश के 325 पेट्रोल पंप की जांच कराई गई है, जिसमें 01 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक-अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं।

युवा विधायक सम्मेलन

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कल से मध्यप्रदेश विधानसभा में शुरू हो रहे दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन की तैयारियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। 31 मार्च तक आयोजित होने वाले युवा विधायक सम्मेलन में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के कुल 55 युवा विधायक भाग ले रहे हैं। राष्ट्रकुल संसदीय संघ के अंतर्गत आयोजित इस सम्मेलन में मध्यप्रदेश के 18, छत्तीसगढ़ के 15 और राजस्थान के 22 विधायक शामिल होंगें। यह मंच युवा जनप्रतिनिधियों को लोकतंत्र और विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श का अवसर देगा।

'प्रोजेक्ट चीता'

कूनो नेशनल पार्क से 'प्रोजेक्ट चीता' के तहत, भारत की धरती पर जन्मी पहली चीता, 'मुखी' आज पूरे तीन वर्ष की हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एक छोटे शावक से लेकर एक सजग माँ बनने तक का मुखी का यह सफर, 'प्रोजेक्ट चीता' की बड़ी सफलता का प्रतीक है।

मौसम

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने की संभावना बनी हुए है। मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ और ट्रफ लाइन की सक्रियता के चलते 30 और 31 मार्च को इसका सबसे ज्यादा

असर देखने को मिलेगा। इस दौरान ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी आशंका है।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में आज मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में, मुम्बई इंडियन्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से होगा। कल बेंगलुरू में प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने सनराइजर्स हैदराबाद को हरा दिया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- देवास जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल में एक दिवसीय 'मेगा विधिक जागरूकता शिविर' का आयोजन किया गया।
- जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने देवास में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।
- आगर-मालवा स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दो सहायक प्राध्यापकों ने राज्य स्तरीय शिक्षक-कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता के तहत टेबल टेनिस में गोल्ड मेडल जीता है।
- मंदसौर में होमगार्ड, एसडीईआरएफ जवानों और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के लिए एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।
- रीवा में कल उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल हिनौती गौधाम में प्रशासनिक भवन, जनभागीदारी से निर्मित टंकी एवं अन्य कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।
- बैतूल के ग्राम कान्हावाड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल शक्ति से नव भक्ति के प्रथम चरण के अंतर्गत जल मंदिर प्याऊ की स्थापना की गई।
- धार में केन्द्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने जनप्रतिनिधियों के साथ मन की बात के 132 वें संस्करण का सामूहिक रूप से श्रवण किया गया।
- खंडवा, सीहोर और अनूपपुर में महावीर जयंती के अवसर पर घोषित अवकाश में परिवर्तन किया गया है। अब कल 30 मार्च सोमवार को अवकाश रहेगा।

..................................